कुल प्रश्नों की संख्या : 26 ]
Total No. of Questions : 26 ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16
[ Total No. of Printed Pages : 16

CGBoardonline.com

# Y-182320–C

## विषय : पुस्तपालन एवं लेखाकर्म

## Subject : Book-keeping and Accountancy

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 hours ]

[ पूर्णांक : 100
[ Maximum Marks : 100

*निर्देश* : (*i*) सभी प्रश्नों को हल कीजिए।

***Instructions*** : Attempt all questions.

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 1 में तीन खण्ड हैं। खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति एवं खण्ड (स) में सत्य/असत्य दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक आबंटित है।

CGBoardonline.com

Question No. 1 contains three sections. In Section (A) Multiple choice questions, in Section (B) Fill in the blanks and in Section (C) True/False are given. Each question carries 1 mark.

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 2 से 12 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द है)

Question Nos. 2 to 12 are very short answer type questions. Each question carries 2 marks. (Maximum word limit of answer is 30 words)

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 13 से 18 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (सैद्धांतिक उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है)

Question Nos. 13 to 18 are short answer type questions. Each question carries 3 marks. (Maximum word limit of theoretical answer is 50 words)

CGBoardonline.com

(v) प्रश्न क्रमांक 19 से 26 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में एक आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं।

Question Nos. 19 to 26 are long answer type questions. Each question has an internal choice. Each question carries 5 marks.

---

प्रश्न-1 (खण्ड-अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए : CGBoardonline.com [1×7=7]

(Section-A) Choose and write the correct option :

(i) "एक स्थायी संपत्ति के मूल्य में किसी भी कारण से होने वाली शनैः शनैः और स्थायी कमी को ह्रास कहा जाता है" यह कथन निम्न है :

(अ) प्रो.विलियम पिकल्स (ब) मार्शल
(स) प्रो. कार्टर (द) बाटलीबॉय

"Depreciation is the gradual and permanent decrease in the value of an asset from any course." This statement is of :

(a) Prof. William Pickles (b) Marshall
(c) Prof. Carter (d) Batliboi

(ii) स्थायी संपत्तियों पर क्रमागत ह्रास पद्धति द्वारा ह्रास लगाने पर संपति का जो मूल्य लिया जायेगा, वह है : CGBoardonline.com

(अ) प्रारंभिक लागत मूल्य (ब) बाजार मूल्य
(स) घटा हुआ मूल्य (द) विक्रय मूल्य

While charging depreciation on fixed assets by reducing balance method, the value of the assets is taken into consideration, that is :

(a) Original cost value (b) Market value
(c) Diminished value (d) Sale value

(iii) स्थिर दान कोष की प्रकृति है :

(अ) आगमगत (ब) पूँजीगत
(स) अस्थगित आगमगत (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The nature of endowment fund is :

(a) revenue type (b) capital type
(c) deferred revenue type (d) None of the above

(iv) संयुक्त उपक्रम व्यवसाय में संलग्न व्यक्ति कहलाते हैं : CGBoardonline.com

(अ) अंशधारी (ब) साझेदार
(स) सह-साहसी (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Persons, conducting joint venture business, are called :

(a) Shareholders (b) Partners
(c) Co-venturers (d) None of the above

(v) A, B और C साझेदार हैं और लाभ-हानि को 2:2:1 के अनुपात में बाँटते हैं। B अवकाश ग्रहण करता है। A और C का नया लाभ-हानि अनुपात होगा :

(अ) 2:1 (ब) 1:1

CGBoardonline.com

(स) 3:1 (द) 3:2

A, B and C are partners sharing profit and loss in the ratio of 2:2:1. B retired. The new profit and loss sharing ratio between A and C will be :

(a) 2:1 (b) 1:1

(c) 3:1 (d) 3:2

(vi) ऋणपत्र, जो कंपनी के रजिस्टर में नहीं लिखे जाते हैं, कहलाते हैं :

(अ) पंजीकृत ऋणपत्र (ब) परिवर्तनीय ऋणपत्र

(स) शोधनीय ऋणपत्र (द) धारक ऋणपत्र

Debentures, which are not recorded in the register of the company, are called :

CGBoardonline.com

(a) Registered debentures (b) Convertible debentures

(c) Redeemable debentures (d) Bearer debentures

(vii) अंशों का बट्टे पर निर्गमन माना जाता है, जब उनका निर्गमन होता है, उनके :

(अ) अंकित मूल्य पर (ब) अंकित मूल्य से अधिक पर

(स) अंकित मूल्य से कम पर (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Shares are said to be issued at discount when those are issued :

(a) at face value (b) at more than face value

(c) at less than face value (d) None of the above

**(खण्ड-ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :** [1×5=5]

**(Section-B)** Fill in the blanks :

(i) अधिक मूल्य व अधिक जीवनकाल वाली संपत्तियों के लिए ह्रास की ___ पद्धति उपयुक्त है।

CGBoardonline.com

___ method of depreciation is useful for long term and high cost assets.

(ii) व्यय पर आय की अधिकता को आय-व्यय खाते के ___ पक्ष में दर्शाया जाता है।

Excess of income over expenditure is shown on the ___ side of Income and Expenditure A/c.

(*iii*) औसत लाभ एवं सामान्य लाभ का अंतर ___ कहलाता है। CGBoardonline.com

Difference between average profit and normal profit is called ___.

(*iv*) संयुक्त साहस में सह-साहसियों की न्यूनतम संख्या ___ होती है।

In joint venture, minimum number of co-venturers is ___.

(*v*) पूँजी संचय को आर्थिक चिट्ठे के ___ पक्ष में दर्शाते हैं।

Capital reserve is shown on ___ side of the Balance Sheet.

**(खण्ड-स)** सत्य/असत्य लिखिए : [1×8=8]

**(Section-C)** Write True or False :

(*i*) स्थायी संपत्ति पर मूल्य ह्रास व्यय है।

Depreciation on fixed assets is an expense.

(*ii*) ह्रास का आयोजन न करने पर उत्पादन लागत कम हो जाएगी।

In the absence of provision for depreciation, cost of production will be reduced.

(*iii*) आय-व्यय खाता व्यापारिक संस्थाओं द्वारा बनाया जाता है।

Income and Expenditure A/c is prepared by trading concerns.

(*iv*) संयुक्त साहस में लेखांकन की दो विधियाँ होती हैं।

There are two methods for recording transactions in joint venture.

(*v*) संयुक्त साहस की प्रकृति स्थायी होती है। CGBoardonline.com

The nature of joint venture is permanent.

(*vi*) संयुक्त साहस में सह-साहसियों की संख्या अधिकतम 10 हो सकती है।

In joint venture, maximum number of co-venturers can be 10.

(*vii*) ऋणपत्रों को सममूल्य पर, प्रीमियम पर या बट्टे पर जारी किया जा सकता है।

Debentures may be issued at par, at premium or at discount.

(*viii*) आकस्मिक दायित्वों को चिट्ठे में नीचे की ओर नोट के रूप में दर्शाया जाता है।

Contingent liabilities are shown in the Balance Sheet as note.

**प्रश्न-2** मूल्य ह्रास उत्पत्ति के कारण लिखिए। (कोई दो) CGBoardonline.com [2]

Write the reasons of origin of depreciation. (any *two*)

प्रश्न-3 प्रेषक की पुस्तकों में खोले जाने वाले खातों के नाम लिखिए। (कोई *चार*) [2]

Write the name of accounts opened in the books of consignor. (any *four*)

प्रश्न-4 गैर-व्यापारिक संस्थाओं की आय के प्रमुख स्रोतों के नाम लिखिए। (कोई *चार*) [2]

Write the name of main sources of income of non-trading concerns. (any *four*)

CGBoardonline.com

प्रश्न-5 सप्रे शाला की पुस्तकों से निम्रांकित विवरण उपलब्ध हैं :

01.01.2017 को प्रारंभिक रोकड़ शेष—₹ 4,500, फर्नीचर ₹ 3,500, प्रयोगशाला सामग्री ₹ 2,500, वर्ष 2016 की विद्यार्थी फीस ₹ 1,500 बकाया थी, जबकि वर्ष 2017 की ₹ 1,000 फीस अग्रिम प्राप्त हो गई थी।

01.01.2017 को सप्रे शाला का पूँजी कोष ज्ञात कीजिए। [2]

Following details are extracted from the books of Sapre School :

Opening cash balance on 01.01.2017–₹ 4,500, Furniture ₹ 3,500, Lab. equipments ₹ 2,500, Student fees of ₹ 1,500 for the year 2016 was outstanding and ₹ 1,000 was received in advance for the year 2017. Calculate capital fund of Sapre School on 01.01.2017.

प्रश्न-6 अधिलाभ क्या है ? [2]

What is super profit ?

CGBoardonline.com

प्रश्न-7 *X* और *Y* 4:3 के अनुपात में लाभ-विभाजन करते हैं। *Z* प्रवेश करता है तथा *X*,*Y*, *Z* का नया अनुपात 7:4:3 हो जाता है। *X* का त्याग अनुपात ज्ञात कीजिए। [2]

*X* and *Y* sharing profits in the ratio of 4:3. *Z* admitted and new ratio among *X*, *Y* and *Z* is 7:4:3. Find out the sacrificing ratio of *X*.

प्रश्न-8 एक साझेदार ने 1 जुलाई, 2017 को बिना किसी समझौते के ₹ 18,000 अपनी फर्म को ऋण दिये। 31 दिसम्बर, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए साझेदार के ऋण पर देय ब्याज की गणना कीजिए। [2]

On 1st July, 2017 a partner granted loan of ₹ 18,000 without any agreement to his firm. Calculate interest due to partners loan for the year ended 31st December, 2017.

प्रश्न-9 संयुक्त साहस के लाभों को लिखिए। (कोई *दो*) [2]

Write the advantages of joint venture. (any *two*)

प्रश्न-10 'अवशिष्ट याचना' किसे कहते हैं ? [2]

CGBoardonline.com

What is 'call in arrears' ?

प्रश्न-11 कंपनी की विशेषताएँ लिखिए। (कोई दो) CGBoardonline.com [2]

Write any two characteristics of a company.

प्रश्न-12 माधव लिमिटेड ने ₹ 100 वाले 3000 अंश जनता को निर्गमित किये। अंश की संपूर्ण राशि एकमुश्त प्राप्त हो गई। कंपनी की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए। [2]

Madhav Ltd. issued 3000 shares of ₹ 100 each to the public. The entire amount of shares was received in lump sum. Pass Journal entries in the books of company.

प्रश्न-13 मूल्य ह्रास की घटती किस्त पद्धति के गुणों को लिखिए। (कोई *तीन*) [3]

Write any three merits of reducing balance method of depreciation.

प्रश्न-14 प्रेषण पर भेजे गए माल का लागत मूल्य ₹ 1,25,000 है किंतु बीजक मूल्य लागत मूल्य से 10% अधिक है। प्रेषित माल का बीजक मूल्य ज्ञात कीजिए। [3]

The cost price of goods sent on consignment is ₹ 1,25,000 but invoice price is 10% more than cost price. Find out the invoice price of consigned goods. CGBoardonline.com

प्रश्न-15 निम्नलिखित सूचनाओं से जिला पुस्तकालय, रायपुर का प्राप्ति एवं भुगतान खाता 31 दिसम्बर, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए तैयार कीजिए :
रोकड़ शेष (1 जनवरी, 2017) ₹ 14,500, सदस्यता शुल्क प्राप्त—950 सदस्यों से प्रति सदस्य ₹ 10, किराया ₹ 800 प्रतिमाह मार्च, 2018 तक का दे दिया गया है। उपस्कर क्रय ₹ 5,000, उपस्कर पर ह्रास 10%। [3]

From the following information, prepare Receipts & Payments A/c. of District Library, Raipur for the year ending 31st December, 2017 :
Cash balance as on 1st January, 2017 ₹ 14,500.
Membership fees from 950 members @ ₹ 10 each received.
Rent has been paid upto March 2018 @ ₹ 800 per month.
Furniture purchase ₹ 5,000.
Depreciation on furniture 10%.

प्रश्न-16 फर्म का औसत लाभ ₹ 14,000 है तथा उसकी पूँजी ₹ 1,50,000 है। ऐसे व्यापार पर 8% की आय अपेक्षित है। अधिलाभ के पूँजीकृत मूल्य के आधार पर ख्याति की गणना कीजिए। CGBoardonline.com [3]

Average profit of the firm is ₹ 14,000 and its capital is ₹ 1,50,000. Normal return of such business is expected at 8%. Calculate the value of goodwill on the basis of capitalized value of super profit.

**प्रश्न-17** संयुक्त साहस और प्रेषण में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई *तीन*)
Differentiate between joint venture and consignment. (any *three*)

**प्रश्न-18** श्याम के पास मनीष एंड कंपनी के ₹ 20 वाले 500 अंश थे। राशि इस प्रकार देय थी :

CGBoardonline.com

₹ 4 प्रति अंश आवेदन पर, ₹ 6 प्रति अंश आबंटन पर तथा ₹ 10 प्रति अंश याचना पर। वह आबंटन तथा याचना राशि का भुगतान न कर सका जिसकी वजह से कंपनी ने उसके अंशों का हरण कर लिया।

कंपनी की पुस्तकों में हरण संबंधी प्रविष्टि लिखिए।

Shyam had 500 shares of Manish & Co. @ ₹ 20 each. Amount payable on shares was as follows :
₹ 4 per share on application, ₹ 6 per share on allotment and ₹ 10 per share on call.
He failed to pay allotment and call money and therefore the company forfeited his shares.
Make entry for forfeiture of share in the books of company.

CGBoardonline.com

**प्रश्न-19** कल्लू एंड कंपनी ने पप्पू ब्रदर्स को 1000 किलोग्राम तेल ₹ 35 प्रति किलोग्राम की दर से प्रेषण पर भेजा। प्रेषक ने रेल भाड़े आदि के ₹ 1,000 चुकाए। रास्ते में 40 किलोग्राम तेल रिसकर नष्ट हो गया। प्रेषणी ने ₹ 360 ऑक्ट्राय आदि के चुका कर माल प्राप्त कर लिया। उसने 800 किलोग्राम तेल ₹ 45 प्रति किलोग्राम की दर से बेच दिया, जिस पर ₹ 800 बिक्री व्यय हुआ। उसे कुल विक्रय पर 5% कमीशन प्राप्त करने का अधिकार है। तेल का रिसना सामान्य हानि मानते हुए प्रेषक की पुस्तकों में प्रेषण खाता बनाइए।

Kallu & Co. consigned 1000 kg oil @ ₹ 35 per kg to Pappu Bros. Consignor paid ₹ 1,000 for freight etc. In transit due to leakage 40 kg of oil was spoiled. The consignee took the delivery of goods by spending ₹ 360 for octroi etc. He sold 800 kg of oil @ ₹ 45 per kg, in which he incurred ₹ 800 for selling expenses . He is entitled to get 5% commission on gross sale.
Prepare Consignment A/c in the books of consignor, assuming the leakage of oil as normal loss.

*अथवा*
***OR***

उपर्युक्त प्रश्न के आधार पर प्रेषणी की पुस्तकों में प्रेषक का व्यक्तिगत खाता एवं कमीशन खाता बनाइए।

CGBoardonline.com

On the basis of the above question, prepare consignor's Personal A/c and Commission A/c in the books of consignee.

**प्रश्न-20** $A$, $B$ और $C$ एक फर्म में बराबर के साझेदार हैं। 31 दिसम्बर, 2013 को $B$ की मृत्यु हो गई। इस तिथि पर उसे ₹ 50,000 देय था। यह निर्णय लिया गया कि यह राशि ₹ 10,000 की वार्षिकी द्वारा भुगतान की जाएगी। प्रथम भुगतान 1 जनवरी, 2014 को किया गया तथा प्रतिवर्ष अन्य भुगतान भी 1 जनवरी को किए गए। $B$ के जिस उत्तराधिकारी को यह राशि मिलनी थी, 2 जनवरी, 2017 को उसकी मृत्यु हो गई। शेष राशि पर 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज देने का निर्णय लिया गया।

वार्षिकी उचंत खाता बनाइए। [5]

$A$, $B$ and $C$ are equal partners in a firm. $B$ died on 31 December, 2013. On that date amount payable to him was ₹ 50,000. It was decided that this amount would be paid in annual instalments of ₹ 10,000 each. The first instalment was paid on 1st January, 2014 and the another instalments were also made on 1st January every year. On 2nd January, 2017 $B$'s nominee was died. Interest was allowed @ 10% per annum on balance amount. CGBoardonline.com

Prepare Annual Suspense Account.

*अथवा*

***OR***

उमा, रंजना और भारती साझेदार हैं। 1 जनवरी, 2017 को उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 1,00,000, ₹ 80,000 और ₹ 60,000 थीं। उनके लाभ वितरण का अनुपात 3:1:1 है। पूँजी पर 5% वार्षिक की दर से ब्याज दिया जाता है। रंजना और भारती को क्रमशः ₹ 500 और ₹ 600 मासिक वेतन मिलता है। चालू वर्ष में ₹ 30,200 का लाभ हुआ है। प्रत्येक साझेदार ने अपने निजी प्रयोग के लिए फर्म से ₹ 1,000 का आहरण किया है। लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइए।

Uma, Ranjana and Bharti are partners. On 1st January, 2017 their capitals were ₹ 1,00,000, ₹ 80,000 and ₹ 60,000 respectively. Their profit sharing ratio is 3:1:1. Interest on capital is given @ 5% per annum. Ranjana and Bharti get salary of ₹ 500 and ₹ 600 per month respectively. The current year profit is ₹ 30,200. Each partner has withdrawn ₹ 1,000 for personal use from the firm.

Prepare Profit and Loss Appropriation A/c. CGBoardonline.com

प्रश्न-21 श्याम एंड कंपनी ने ₹ 50 वाले 1000, 7% ऋणपत्र 10% बट्टे पर निर्गमित किए। राशि इस प्रकार देय थी — ₹ 10 प्रति ऋणपत्र आवेदन पर एवं शेष आबंटन पर। समस्त राशियाँ यथा समय प्राप्त हो गईं।

श्याम एंड कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। [5]

Shyam and Co. issued 7%, 1000 debentures of ₹ 50 each at 10% discount. Amount payable at ₹ 10 on application and balance on allotment. All money were duly received.

Pass necessary Journal entries in the books of Shyam & Co.

*अथवा*

***OR*** CGBoardonline.com

टाटा कंपनी ने किंगफिशर कंपनी की ₹ 99,000 मूल्य की सम्पत्तियाँ क्रय की तथा क्रय मूल्य के भुगतान स्वरूप ₹ 100 वाले पूर्णदत्त समता अंश निर्गमित किए। यह मानते हुए कि अंश निर्गमित किए गए हैं—

(*i*) 10% बट्टे पर

(*ii*) 10% प्रीमियम पर

टाटा कंपनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टयाँ कीजिए।

Tata Company purchased some assets worth ₹ 99,000 from Kingfisher Co. As a consideration of purchase Tata Company issued fully paid equity shares of ₹ 100 each.

Pass necessary Journal entries in the books of Tata Co. assuming that shares have been issued–

(*i*) at 10% discount

(*ii*) at 10% premium CGBoardonline.com

प्रश्न-22 1 जनवरी, 2014 को एक मशीन ₹ 40,000 में खरीदी गई। अवक्षयण 10% वार्षिक की दर से मूल लागत पर लगाया जाता है। 30 जून, 2017 को मशीन ₹ 25,000 में बेच दी गई और उसी दिन एक नई मशीन ₹ 30,000 में खरीद ली गई।

वर्ष 2014 से 2017 तक का मशीन खाता तैयार कीजिए। वार्षिक खाते 31 दिसम्बर को बंद किए जाते हैं।

[5]

A machine was purchased on 1st January, 2014 for ₹ 40,000. Depreciation is charged @ 10% per annum on the original cost. On 30 June, 2017 the machine was sold for ₹ 25,000 and a new machine purchased for ₹ 30,000. CGBoardonline.com

Prepare Machine Account for the year from 2014 to 2017. Accounts are closed on 31st December.

*अथवा*

***OR***

एक यंत्र पर 2 वर्षों तक 10% वार्षिक की दर से क्रमागत ह्रास पद्धति द्वारा ह्रास लगाया गया जो 1 जनवरी, 2015 को ₹ 50,000 में खरीदा गया था। 2017 में इसी दर पर ह्रास की मूल्य लागत पद्धति को क्रय तिथि से ही अपनाने का निश्चय किया गया।

वर्ष 2015 से 2017 तक का मशीन खाता बनाइए। CGBoardonline.com

On a machinery, depreciation was charged for 2 years on reducing balance method @ 10% per annum, which was purchased on 1st January, 2015 for ₹ 50,000. In the year 2017, it was decided to adopt cost price method with effect from the date of its purchase.

Prepare Machinery A/c from 2015 to 2017.

प्रश्न-23 जोशी फैन क्लब का प्राप्ति-भुगतान खाता 31 दिसम्बर, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष हेतु निम्नानुसार है :

| प्राप्तियाँ | राशि | भुगतान | राशि |
|---|---|---|---|
| रोकड़ शेष | 8,000 | वेतन | 7,250 |
| चंदा : | | सामान्य व्यय | 750 |
| 2015 – 1,250 | | किराया | 2,000 |
| 2016 – 8,000 | | लेखन सामग्री | 500 |
| 2017 – 750 | 10,000 | विनियोग | 6,250 |
| विनियोग पर ब्याज | 2,000 | फर्नीचर | 2,000 |
| मनोरंजन से आय | 1,500 | रोकड़ शेष | 2,750 |
| | 21,500 | | 21,500 |

समायोजन :

(*i*) क्लब के 100 सदस्य हैं, जो ₹ 100 प्रति सदस्य वार्षिक चंदा देते हैं।

(*ii*) वर्ष के अंत में विनियोग पर ₹ 350 ब्याज के उपार्जित हुए तथा वेतन के ₹ 250 देने थे।

(*iii*) फर्नीचर पर 5% ह्रास लगाना है। CGBoardonline.com

आय-व्यय खाता बनाइए। [5]

The Receipts and Payments A/c of Joshi Fan Club for the year ending 31st December, 2016 is as follows : CGBoardonline.com

| Receipts | Amount | Payments | Amount |
|---|---|---|---|
| Cash Balance | 8,000 | Salary | 7,250 |
| Subscription : | | General Expenditure | 750 |
| 2015 – 1,250 | | Rent | 2,000 |
| 2016 – 8,000 | | Stationery | 500 |
| 2017 – 750 | 10,000 | Investments | 6,250 |
| Interest on Investment | 2,000 | Furniture | 2,000 |
| Income from Entertainment | 1,500 | Cash Balance | 2,750 |
| | 21,500 | | 21,500 |

Adjustments : (*i*) Club has 100 members, each paying ₹ 100 as annual subscription, (*ii*) At the end of the year interest accrued on investment was ₹ 350 and outstanding salary was ₹ 250 and (*iii*) Depreciation on furniture @ 5%.

CGBoardonline.com

Prepare Income and Expenditure A/c.

***अथवा***

***OR***

वर्धमान साहित्य समिति, दुर्ग का 31 दिसम्बर, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए 'प्राप्ति-भुगतान खाता' निम्नानुसार है :

| प्राप्तियाँ | राशि | भुगतान | राशि |
|---|---|---|---|
| प्रारंभिक रोकड़ शेष | 4,550 | कर एवं किराया | 1,100 |
| वार्षिक चंदा | 2,150 | फर्नीचर | 1,650 |
| प्रवेश शुल्क | 800 | वेतन | 750 |
| आजीवन सदस्यता शुल्क | 5.000 | लेखन सामग्री | 210 |
| विनियोग पर ब्याज | 325 | मुद्रण व्यय | 125 |
| भाषणों से आय | 775 | बिजली व्यय | 175 |
| विविध प्राप्तियाँ | 150 | टेलीफोन व्यय | 300 |
| मनोरंजन से लाभ | 250 | पत्र-पत्रिकाएँ | 1,190 |
| | | रोकड़ बाकी | 8,500 |
| | 14,000 | CGBoardonline.com | 14,000 |

समायोजन : वार्षिक चंदे के ₹ 350 अप्राप्त हैं। वेतन के ₹ 140 तथा बिजली व्यय के ₹ 60 देना बाकी है। किराया व कर के ₹ 100 पूर्वदत्त हैं। फर्नीचर पर 10% ह्रास अपलिखित करना है तथा सदस्यता शुल्क का पूँजीकरण करना है।

आय-व्यय खाता बनाइए।

The Receipts and Payments A/c of Vardhaman Sahitya Samiti, Durg for the year ending 31st December, 2017 is as follows :

| Receipts | Amount | Payments | Amount |
|---|---|---|---|
| Opening cash balance | 4,550 | Rent and tax | 1,100 |
| Annual subscription | 2,150 | Furniture | 1,650 |
| Entry fee | 800 | Salary | 750 |
| Life membership fee | 5,000 | Stationery | 210 |
| Int. on Investments | 325 | Printing charges | 125 |
| Income from lectures | 775 | Electric Exp. | 175 |
| Misc. Receipts | 150 | Telephone Exp. | 300 |
| Profit from Entertainment | 250 | Magazines | 1,190 |
| | | Cash Balance | 8,500 |
| | **14,000** | | **14,000** |

Adjustments : Annual subscription ₹ 350 is outstanding. Salary ₹ 140 and electric charges ₹ 60 are outstanding. Rent and Tax ₹ 100 is prepaid.

CGBoardonline.com

10% depreciation is to be charged on furniture and life membership fee is to be capitalized.

Prepare Income and Expenditure A/c.

प्रश्न-24 नायर एंड कंपनी, रायपुर ने ठाकुर इलेक्ट्रॉनिक्स, बिलासपुर को 50 पंखे ₹ 800 प्रति पंखे की दर से लागत मूल्य पर प्रेषण पर भेजे। प्रेषक ने निम्नलिखित व्यय किए :

(*i*) पैकिंग ₹ 10 प्रति पंखा, (*ii*) दुलाई 5 रु. प्रति पंखा, (*iii*) रेलवे भाड़ा ₹ 15 प्रति पंखा तथा (*iv*) बीमा ₹ 4 प्रति पंखा।

रास्ते में 5 पंखे खो गए। प्रेषणी ने प्रेषण पर निम्नलिखित व्यय किए :

(*i*) मजदूरी ₹ 300, (*ii*) चुंगी ₹ 600, (*iii*) गोदाम किराया ₹ 600, (*iv*) विज्ञापन ₹ 250 तथा (*v*) विक्रय व्यय ₹ 400.

प्रेषणी ने 40 पंखे ₹ 1,000 प्रति पंखे की दर से बेच दिए।

प्रेषणी को कुल विक्रय मूल्य पर 10% कमीशन पाने का अधिकार है। प्रेषणी ने कमीशन तथा खर्च काटकर शेष राशि भेज दी। प्रेषक को रास्ते में खोये हुए माल के ₹ 4,000 रेलवे द्वारा क्षतिपूर्ति के प्राप्त हुए।

प्रेषक की पुस्तकों में प्रेषण खाता बनाइए। CGBoardonline.com

Nair & Co., Raipur consigned 50 fans to Thakur Electronics, Bilaspur costing at ₹ 800 per fan. Consignor incurred the following expenses :

(*i*) Packing ₹ 10 per fan, (*ii*) Carriage ₹ 5 per fan, (*iii*) Railway freight ₹ 15 per fan and (*iv*) Insurance ₹ 4 per fan.

In transit 5 fans were lost. The consignee incurred the following expenses : CGBoardonline.com

(*i*) Wages ₹ 300, (*ii*) Octroi ₹ 600, (*iii*) Godown rent ₹ 600, (*iv*) Advertisement ₹ 250 and (*v*) Selling expenses ₹ 400.

The consignee sold 40 fans @ ₹ 1,000 each. The consignee is entitled to get 10% commission on total sale. The consignee remitted the balance amount after deducting his commission and other expenses. Railway company paid ₹ 4,000 as compensation to consignor for goods loss in transit.

Prepare Consignment A/c in the books of consignor.

**अथवा**

**OR**

उपर्युक्त प्रश्न के आधार पर प्रेषक की पुस्तकों में प्रेषणी का व्यक्तिगत खाता एवं असामान्य हानि खाता बनाइए। CGBoardonline.com

On the basis of the above question, prepare consignee's Personal Account and Abnormal Loss A/c in the books of consignor.

प्रश्न–25 साधु और संत 3:2 के अनुपात में साझेदार हैं। 31 दिसम्बर, 2017 को उनका आर्थिक चिट्ठा निम्नानुसार था :

| दायित्व | राशि | संपत्तियाँ | राशि |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 12,500 | देनदार | 15,500 |
| सामान्य संचय | 2,500 | विविध संपत्तियाँ | 34,500 |
| साधु का ऋण | 15,000 | | |
| पूँजी : | | | |
| साधु - 15,000 | | | |
| संत - 5,000 | 20,000 | | |
| | 50,000 | | 50,000 |

उन्होंने उक्त तिथि को फर्म के विघटन का निर्णय लिया। देनदारों से ₹ 15,000 तथा विविध संपत्तियों से ₹ 30,000 वसूल हुए। लेनदारों को पूर्ण भुगतान में ₹ 12,000 दिए गए। वसूली में ₹ 500 खर्च हुए।

वसूली खाता बनाइए। CGBoardonline.com

Sadhu and Sant are partners in the ratio of 3:2. Their Balance Sheet on 31st December, 2017 was as under :

CGBoardonline.com

| Liabilities | Amount | Assets | Amount |
|---|---|---|---|
| Creditors | 12,500 | Debtors | 15,500 |
| General Reserve | 2,500 | Misc. Assets | 34,500 |
| Loan of Sadhu | 15,000 | | |
| Capital : | | | |
| Sadhu - 15,000 | | | |
| Sant - 5,000 | 20,000 | | |
| | 50,000 | | 50,000 |

They decided to dissolve the firm on the above date. ₹ 15,000 was realised from debtors and ₹ 30,000 from misc. assets. The creditors were paid ₹ 12,000 in full settlement . The realization expenses were paid ₹ 500.

Prepare Realization Account.

*अथवा*

*OR*

सचिन और धोनी समान साझेदार हैं। 31 दिसम्बर, 2017 को उनका आर्थिक चिट्ठा निम्नानुसार है :

CGBoardonline.com

| दायित्व | राशि | संपत्तियाँ | राशि |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 2,500 | देनदार | 4,000 |
| देय बिल | 3,000 | स्कंध | 5,000 |
| पूँजी : | | फर्नीचर | 500 |
| सचिन - 7,500 | | भवन | 6,000 |
| धोनी - 2,500 | 10,000 | | |
| | 15,500 | | 15,500 |

वे 1 जनवरी, 2018 को कोहली को निम्नलिखित शर्तों पर प्रवेश देते हैं :

(*i*) कोहली पूँजी के लिए ₹ 5,000 और फर्म के भावी लाभों में से 1/4 भाग प्राप्त करने हेतु ₹ 3,000 ख्याति के देगा।

(*ii*) स्कंध व फर्नीचर का मूल्य 10% से कम करना है और अप्राप्त ऋण के लिए 5% संचिति का सृजन किया जाएगा।

(*iii*) भवन का मूल्य 25% से बढ़ाया जाएगा। CGBoardonline.com

पुनर्मूल्यांकन खाता बनाइए।

Sachin and Dhoni are equal partners. Their Balance Sheet on 31 December, 2017 is as follows : CGBoardonline.com

| Liabilities | Amount | Assets | Amount |
|---|---|---|---|
| Creditors | 2,500 | Debtors | 4,000 |
| Bills payable | 3,000 | Stock | 5,000 |
| Capital A/c. : | | Furniture | 500 |
| Sachin - 7,500 | | Building | 6,000 |
| Dhoni - 2,500 | 10,000 | | |
| | 15,500 | | 15,500 |

They admit Kohli on 1st January, 2018 on the following conditions :

(*i*) Kohli should bring ₹ 5,000 as capital for getting 1/4th share of future profit from firm and should bring ₹ 3,000 for goodwill .

(*ii*) Reduce the value of furniture and stock at 10% and reserve for bad debts at 5%.

(*iii*) Increase the value of building by 25%.

Prepare Revaluation Account. CGBoardonline.com

प्रश्न-26 भूमिका और स्नेहा ने समान अनुपात में लाभ-विभाजन की सहमति के साथ संयुक्त साहस में प्रवेश किया। साहस के दौरान निम्नानुसार व्यवहार हुए :

(*i*) भूमिका और स्नेहा ने क्रमशः ₹ 50,000 एवं ₹ 40,000 एक संयुक्त बैंक खाते में जमा किए।

(*ii*) माल खरीदा ₹ 55,000.

(*iii*) व्ययों का भुगतान किया ₹ 2,500.

(*iv*) माल बेचा ₹ 60,000.

(*v*) स्कंध ₹ 3,000 पर मूल्यांकित किया गया जिसे भूमिका ने ले लिया।

उपर्युक्त व्यवहारों की जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

Bhumika and Sneha entered into a joint venture agreeing to share profits and losses in the equal ratio. The following transactions took place during the course of the venture : CGBoardonline.com

(*i*) Bhumika and Sneha deposited ₹ 50,000 and ₹ 40,000 respectively into joint bank account.

(*ii*) Goods purchased for ₹ 55,000.

(*iii*) Expense paid ₹ 2,500.

(*iv*) Goods sold for ₹ 60,000.

(*v*) Stock was valued at ₹ 3,000 which was taken over by Bhumika.

Pass the necessary Journal Entries.

*अथवा*

***OR***

उपर्युक्त प्रश्न के आधार पर संयुक्त साहस खाता बनाइए।

On the basis of the above question, prepare Joint Venture Account.

..........